दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 173 मुरादाबाद 18 October 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## दीपोत्सव में गाय के गोबर से बने दीपक से रोशन होगा रामलला का गर्भगृह, सीएम को गोदीप भेंट

लखनऊ- उत्तर प्रदेश में इस बार की दीपावली कई जगह पर गाय के गोबर से बने दीपक से भी रोशन होगी। इनमें अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर का गर्भ गृह भी है। उत्तर प्रदेश के पशुधन विभाग ने तो इस बार इस आयोजन जोरदार तैयारी भी की है। लखनऊ में सोमवार को प्रदेश के पशु धन मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ आइएएस अफसर विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोबर से बने दीप ( गोदीप ) को भेंट किया। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर इन्हीं दीपक से रोशनी की जाएगी। अयोध्या में इस बार बार दीपावली पर करीब सवा लाख गोदीप प्रच्च्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश शासन की ओर से उसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोदीप प्रतीकात्मक भेंट दी गई।



### छठे दीपोत्सव का आगाज भी गोदीप से

अयोध्या में छठे दीपोत्सव का आगाज इस वर्ष राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह में गाय के गोबर से बने गोदीप जलाने जाने के साथ शुरू होगा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 25000 गोदीप की व्यवस्था तैयार कर ली है। इसके साथ ही भगवान श्री रामलला के अस्थाई गर्भगृह में भी गाय के गोबर से बनी 1100 दीप गाय के ही घी से प्रज्वलित किए जाएंगे। जिसके लिए अस्थाई भवन को भी चित्रों से सजाया जा रहा है।

### अयोध्या पहुंचाए गए गाय के गोबर से बने दीप

श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि गाय के गोबर से बने दीपक अयोध्या पहुंच गए हैं। हम लोग इस बार रामलीला के दरबार में भी भगवतीपुर सोमनाथ जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी कारण इस बार गाय के गोबर से बने दीप को जलाया जाएगा इसके लिए गाय के घी का भी प्रयोग होगा।

### फिर रिकार्ड बनाने की ओर दीपोत्सव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में भगवान राम लला के अस्थाई मंदिर में दीपोत्सव के पहले दर्शन करेंगे। वह मंदिर में शुद्ध देशी गाय के गोबर से तैयार किए गए दीपक को प्रज्वलित करेंगे। इसके बाद अयोध्या में दीपोत्सव का आगाज होगा।

### रामलला का दरबार भी होगा रोशन

रामनगरी अयोध्या में भी इस बार दीपावली पर गाय के गोबर से बने दीपक ( गोदीप ) जलेंगे। अयोध्या में दीपावली के अवसर पर सवा लाख गोदीप प्रज्जवलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### गाय गोबर से बने दीपों से रोशन होगा गर्भगृह

अयोध्या में श्रीरामला परिसर में इस बार 25 हजार गोदीप जलाए जाएंगे। राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे भगवान श्री राम की भव्य मंदिर निर्माण स्थल पर 1200 वालंटियर 25000 दीप जलाएंगे। राम की पैड़ी पर 15 लाख दीपक जलाकर अवध विश्वविद्यालय के वालंटियर अयोध्या के नाम एक बार फिर विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास करेंगे। यहां रामलला के अस्थाई मंदिर पर और जन्म स्थान यानी कि निर्माणाधीन मंदिर स्थल पर गोदीप जलाए जाएंगे। इसके अलावा रामलला के दर्शन मार्गो को भी दीपमाला से सजाया जाएगा।

## अखिलेश ने गंगा में विसर्जित की नेताजी की अस्थियां, नमामि गंगे घाट पर उमड़े समर्थक



समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तीन बार बतौर सीएम यूपी की कमान संभालने वाले मुलायम सिंह यादव की अस्थियां मोक्ष की कामना के साथ आज हरिद्वार के नमामि गंगा घाट से पवित्र गंगा नदी में विसर्जित हो गईं। अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया के लिए पूरा यादव परिवार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अगुवाई में गंगा घाट पहुंचा था। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तीन बार बतौर सीएम यूपी की कमान संभालने वाले मुलायम सिंह यादव की अस्थियां मोक्ष की कामना के साथ आज हरिद्वार के नमामि गंगा घाट से पवित्र गंगा नदी में विसर्जित हो गईं। अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया के लिए पूरा यादव परिवार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अगुवाई में गंगा घाट पहुंचा। सैफई की कोठी से अखिलेश अस्थि कलश लिए हरिद्वार के लिए निकले तो उनके साथ चाचा शिवपाल सिंह यादव और पत्नी डिंपल यादव सहित पूरा कुनबा था। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की अस्थियां लेकर उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हरिद्वार के लिए निकले तो उनके प्राइवेट जेट में पत्नी डिंपल यादव और चाचा शिवपाल सिंह यादव भी साथ रहे। अखिलेश के अस्थि कलश लेकर परिवार सहित घर से निकलने, सैफई हवाई पट्टी पहुंचने और फिर प्लेन में चाचा और पत्नी के साथ सवार होने के वीडियो और तस्वीरें समाजवादी पार्टी ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से शेयर की हैं। सपा के संस्थापक और तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अखिलेश यादव के सामने वैसे तो कई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं लेकिन हाल-फिलहाल ये तीन इम्तिहान उन्हें देने होंगे। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की अस्थियां लेकर उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हरिद्वार के लिए निकले तो उनके प्राइवेट जेट में पत्नी डिंपल यादव और चाचा शिवपाल सिंह यादव भी साथ रहे। अखिलेश के अस्थि कलश लेकर परिवार सहित घर से निकलने, ' इसमें कुछ विलम्ब भी हुआ है।

## कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चुनाव से खुश हैं? सोनिया गांधी बोलीं- लंबे समय से इसी का इंतजार था

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान हो रहा है। पार्टी चीफ पोस्ट के लिए सीनियर नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच मुकाबला है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी आज वोट डालने के लिए नई दिल्ली स्थित पार्टी ऑफिस पहुंचीं। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे पूछा कि %क्या वह कांग्रेस अध्यक्ष पर को लेकर हो रहे चुनाव से खुश हैं?% इस पर उन्होंने कहा कि वह इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रही थीं।सोनिया गांधी ने पार्टी मुख्यालय में मतदान किया। उनके साथ पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाला। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर मतदान किया। पार्टी मुख्यालय में पी चिदंबरम ने सबसे पहले मतदान किया। उनके बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश, अजय माकन, मुकुल वासनिक, वरिष्ठ नेता अम्बिका सोनी, विवेक तन्खा और कई अन्य लोगों ने वोट डाला।



### कांग्रेस को गैर-गांधी अध्यक्ष मिलना तय

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ( एआईसीसी ) अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में आमने-सामने हैं। इस चुनाव के बाद पार्टी को 24 से अधिक वर्षों में एक गैर-गांधी अध्यक्ष मिलना तय है। कांग्रेस के करीब 9 हजार से अधिक निर्वाचक ( डेलीगेट ) आज पार्टी प्रमुख चुनने के लिए मतदान करेंगे।

### अध्यक्ष पद का पिछला चुनाव सोनिया ने जीता

कांग्रेस पार्टी के 137 साल के इतिहास में छठी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक, अध्यक्ष पद के लिए अब तक 1939, 1950, 1977, 1997 और 2000 में चुनाव हुए हैं। पूरे 22 वर्षों के बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पिछली बार चुनाव 2000 में हुआ था, जब जितेंद्र प्रसाद को सोनिया गांधी के हाथों जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा था।

# उप निरीक्षक प्रमिला ने कहा बदलते परिवेश में महिलाओं के अंदर होना चाहिए आत्मरक्षा के गुण

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-उप निरीक्षक प्रमिला यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस प्रतिबंध है उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण भी सीखने चाहिए।छात्राओं को महिला सुरक्षा व सशक्तिकण की दिशा में महिलाओं व बालिकाओं के लिये मिशन शक्ति अभियान के तहत भारतीय दण्ड संहिता में आत्मरक्षा का अधिकार से सम्बंधित जागरूक होने व भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि लड़कियों और महिलाओं को अपने जीवन प्रगति और उन्नति के लिए शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।वर्तमान में अगर हमारी बेटियां महिलाएं



आत्मरक्षा की कला में निपुण होती हैं तो यह उनके सुरक्षित जीवन की ना केवल शुरुआत है बल्कि एक संपूर्ण सामाजिक जीवन का सुदृढ आधार होगा।शिक्षा,स्वास्थ्य और सुरक्षा को पाने के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है,संकल्प,संयम और साहस।महिलाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति ,आत्म संयम और उसके साहस को आंतरिक बल तब मिलता है,जब वह बालिका अपने आप को भौतिक रूप से शारीरिक रूप से समर्थ महसूस करें और इस दिशा में अत्यंत ही प्रभावशाली है सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाना व महिलाओं को आत्मरक्षा में निपुण होने की कला का ज्ञान होना। यह भी सत्य है कि महिलाओं के लिए हर सामाजिक समस्या एवं उनके मानवीय/ नैसर्गिक अधिकारों की सुरक्षा लिए कानून बन चुके हैं फिर भी पारंपरिक सामाजिक विचारधारा को बेटियों के अंदर विकसित और मजबूत हुई आत्म सुरक्षा का ज्ञान ही तोड़ने मे सहायक है।शारीरिक मानसिक और भावनात्मक संतुलन को बनाए रखने में आत्म सुरक्षा की भावना किहम हमारी सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम और समर्थ हैं और अपने अपनों को भी सुरक्षित रख सकते हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर दूसरों की भी सहायता कर सकते हैं।

# शान्ति व्यवस्था कायम रखने में करे पुलिस का सहयोग- एसओ राजीव सिंह

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- मडवाडी थाना प्रभारी राजीव सिंह ने आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना क्षेत्र के समस्त व्यापारियों व आमजनमानस से अपील करते हुए कहा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यापारी अपने दुकान मे सी सी क?मरा अवश्य लगवा ले ताकि किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर अपराधियों को तुरंत पकडा जा सक?और क्षेत्र मे शांति व्यवस्था कायम रखन? के लिए पुलिस का सहयोग करे।किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु दिखे तो तत्काल आप 112 नम्बर पर सूचित करें।अगर किसी के बहकावे में आकर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था के साथ कह खिलवाड़ करेगा तो उसके साथ हम सखी से पेस आएंगे

# विधायक प्रभात वर्मा ने छात्रों को बांटे टैबलेट/स्मार्टफोन



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरा चौकी गोण्डा - गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने योगी सरकार की मेधा उन्नयन कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्र -छात्राओं की प्रतिभा बढ़ाने तथा उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के क्रम में विधानसभा क्षेत्र गौरा के हकीकुल्लाह चौधरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय घारीघाट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर छात्र -छात्राओं को टैबलेट /स्मार्टफोन वितरित किया एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। विधायक प्रभात वर्मा ने उपस्थित छात्र -छात्राओं एवम अभिभावकों को संबोधित करते हुए केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा छात्रों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं को बतलाते हुए कहा छात्र खूब मन लगाकर पढ़े हमारी सरकार हर तरह से आपके साथ है, भाजपा सरकार अच्छे शिक्षण संस्थान खोलने के साथ छात्र -छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभ पहुंचाकर हर तरह से उनकी मदद को तत्पर है इस अवसर पर मौजूद रहे मोहम्मद कमाल चौधरी प्रबंधक, डॉक्टर अनिल कुमार राय प्रधानाचार्य ,डॉ प्रमोद कुमार दुबे, डॉ महेश कुमार श्रीवास्तव, कप्तान श्रीवास्तव, चंद्रभान पटेल, विक्रम प्रसाद, मोहम्मद कयूम,धर्मेंद्र कुमार गौड़, प्रभाकर पाण्डेय , महेश कुमार यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार मिश्रा, शिव शंकर यादव ,श्रीमती ज्योति पाण्डेय,रामनरेश प्रताप पटेल, रामकिशन निषाद, मोहन पांडे, एजाज अहमद, मनोज निषाद ,तिलकराम उमेश, कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# रामलीला से सामाजिक सदभावना और समरसता को मिलता है बढ़ावा- विजेंद्र सिंह

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- आंवला/सिरौली ग्राम रामनगर में चल रहे रामलीला मंचन कार्यक्रम का ब्लाक रामनगर के पूर्व प्रमुख विजेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। रामलीला मंचन के दौरान श्री यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के बताए रास्ते पर चलने की बात कही उन्होंने कहा हर घर में राम जैसे आदर्शवादी व आज्ञावादी लोग हो, भरत जैसे भाई हों, और सीता जैसी नारी हो तो ये कलयुग ही सतयुग बन जाएगा मगर आज जिस तरह के हालात हैं उसे देखते हुए तो जटायु भी हम लोगों से बहुत महान था जो कि सीता माता को बचाने के लिए रावण जैसे शक्तिशाली व्यक्ति से भिड़ गया था। वही हम लोग आज अपने गली मोहल्ले में आंखों के सामने बहन बेटियों पर होते जुल्म को यूँही देखते



रहते हैं। इसलिए रामलीला को सिर्फ नाटक की तरह नहीं बल्कि प्रेरणा के रूप में देखें और यहां से जो भी सीख मिले उसे अपने जीवन में उतारने का काम करें।उन्होंने अपने भाषण में कहा कि धर्म की राजनीति नहीं होनी चाहिए मगर कुछ लोग सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। हर धर्म, हर त्यौहार समानता का संदेश देता है। हम सभी को उसकी अच्छाई अपनाकर बुराइयों को त्याग देना चाहिए। मैं हर साल ना सिर्फ रामलीलाओं में जाता हूं बल्कि उनसे कुछ सीखता भी हूं। इस दौरान उनके साथ अरविंद यादव जिला पंचायत सदस्य, राजाराम शर्मा, मुकेश कोरी, हवी, डालचंद शर्मा, श्रीराम मासे जी, केदार यादव, रामुंद्र सिंह, कौशल शर्मा, आलोक यादव, विक्की यादव, कल्यान लोधी, ठा. रामचंद्र सिंह, निरंजन सिंह, सिपट्टर सिंह, ओमपाल सिंह, भूरे सिंह आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अलीगंज के नए थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यभार संभाला

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


बरेली- .आंवला/अलीगंज के नए थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यभार संभाला अलीगंज के थाना अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को फूल मालाएं पहनाकर विदा किया तो वही नवागत थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह का भी जोरदार स्वागत किया गया थाना अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा मेरी प्राथमिकता शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने साथ ही गोकशी



जैसे अपराधों पर नियंत्रण करना पीड़ितों को न्याय उपलब्ध कराना मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी इसी क्रम में उन्होंने अपना चार्ज लेने पर मीडिया का साथ मांगा और कहा आप मुझे सही मार्गदर्शन दें कभी भी मीडिया व पीड़ितों के सम्मान से समझौता नहीं करूंगा उन्होंने कहा अपराधियों का ठिकाना जेल है ना की खुलेआम घूम कर आतंक फैलाना जब यहां की जनता शांत माहौल में रहेगी तभी शासन के अनुरूप कार्य दिखाई देगा अपराधियों के साथ किसी भी तरह की कोई सहानुभूति नहीं बरती जाएगी अपराधियों या तो क्षेत्र छोड़ दें वरना वह खुलेआम घूमना बंद कर दे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पीस पार्टी के प्रवक्ता के बिगड़े बोल, कहा- 500 रुपये और शराब देकर रैली में भीड़ बुलाती है भाजपा



मुरादाबाद-एक निजी कार्यक्रम में आए एआइएमआइएम ( आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ) के प्रवक्ता शादाब चौहान ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ला एंड आर्डर की जानकारी नहीं है। उनके पास एक बुलडोजर है जो आम आदमी पर चलता है। अपराधियों पर तो इसे चलाया नहीं जाता है। भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि भीड़ बुलाने के लिए उनकी रैलियों में लोगों को 500 रुपये और शराब दी जाती है।

### मुझे प्रधानमंत्री बना दीजिए कश्मीर में थम जाएंगी घटनाएं

शादाब ने कश्मीर फाइल्?स फिल्म को गलत बताया। कहा कि इसके जरिए भाजपा गलत बातों को सामने लाई। फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर ने अपना बंगला बना लिया। अब यह बताएं कि कितने कश्मीरी पंडित वापस गए।कश्मीर में लगातार हो रही घटनाओं पर कहा कि मुझे प्रधानमंत्री बना दीजिए कश्मीर में सभी घटनाएं थम जाएंगी।

### हिजाब मामले पर कहा कि यह धर्म का मामला, मजबूर न किया जाए

हिजाब के मामले पर कहा कि यह मामला आधी आबादी का है। एक जस्टिस ने कहा कि यह आदमी का अधिकार है तो यह बात सही है। उनसे मैं सहमत हूं। हम चाहते हैं कि बेटियां आगे बढ़ें तरक्की करें। उन्होंने कहा कि एक तो बच्चियों की पढ़ाई का रेसियो कम है। वह पढ़ना चाहती हैं तो पढ़ने दीजिए। हिजाब तो अल्लाह का हुक्म है, उसे मानें। किसी को हिजाब के लिए परेशान न किया जाए। सिख समाज पगड़ी लगाता है, पंडित टीका लगाकर जाता है। ऐसे में मुसलमानों को क्यों मजबूर किया जा रहा है।

### भाजपा जनता को कर रही गुमराह

बीते दिनों एमआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के दिए अमर्यादित बयान के बारे में कहा कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने क्या कहा मुझे नहीं मालूम। पर यह क्लिप मैंने देखी है दिल्ली में इसे लेकर कुछ लोग अनर्गल ट्रोल कर रहे हैं। इसके अलावा पसमांदा मुस्लिम को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने वाली इवेंट मैनेजमेंट कंपनी है।

### सिर्फ आम आदमी पर चल रहा योगी का बुलडोजर

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले रैली में जाने वाले को 500 रुपये व पव्वा देते हैं। तब उनकी रैली में लोग जाते हैं। देश में तो हर जाति धर्म में पसमांदा हैं। यह तो केवल माहौल बनाया जा रहा है। एक अन्य सवाल को लेकर कहा कि पेपर लीक तो सबसे ज्यादा उप्र में हो रहा है। योगी को ला आर्डर की जानकारी नहीं है। केवल बुलडोजर लेकर चल रहे हैं। वह आम आदमी पर चल रहा है।

### मदरसों का सर्वे करके उन्हें सुधारे सरकार

मदरसों के सर्वे को लेकर कहा कि सरकार यदि कौशल विकास से जोड़ना चाहती है अच्छी बात है। जबकि जो अध्यापक हैं उन्हें पांच साल से तनख्वाह नहीं दिया है। सरकार हीन भावना से काम कर रही है। मार्डन करें, कोई दिक्कत नहीं है। मदरसों में कोई काम गलत नहीं होता है। मदरसा शिक्षा को बढ़ावा देना होता है। सरकार यदि अवैध मदरसों को चिह्नित करती है तो वहां बेहतर स्कूल खोले।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने को तेरह कांग्रेसियों ने डाला वोट

मुरादाबाद। अध्यक्ष के चयन के लिए सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने मतदान में उत्साह दिखाया। मुरादाबाद से तमाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य लखनऊ पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष के लिए मल्लिकार्जुन खरगे मुरादाबाद के सदस्यों के लिए पहली पसंद रहे। अध्यक्ष पद के चुनाव का नतीजा कल आएगा। नया कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पीसीसी के निर्वाचित सदस्यों का चुनाव करने का अधिकार दिया गया। अध्यक्ष के लिए वोटिंग को लेकर तमाम कांग्रेसी नेता उत्साहित भी दिखे। यूपी में 1248 सदस्य मतदान करेंगे। मुरादाबाद में कांग्रेस से पीसीसी सदस्यों की संख्या एक दर्जन है। सोमवार को वोटिंग के लिए तमाम कांग्रेसी लखनऊ पहुंच गए और बारी बारी से वोट डाला। इनमें रिजवान कुरैशी,सचिन प्रेमी,आनंद मोहन गुप्ता,असद मौलाई, दरख्शा बेगम, विनोद गुंबर, देसराज शर्मा, प्रियांक चौधरी, माहिरा खां, अफजल साबरी, अनूप दुबे, सैफुल्लाह चौधरी व अजय सारस्वत सोनी रहे। जिलाध्यक्ष असलम ख़ुर्शीद ने बताया कि वोटिंग के लिए मुरादाबाद से तेरह पीसीसी सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वोट डाला। सदस्यों ने एक मत होकर मल्लिकार्जुन खरगे के पक्ष में वोट डाला। बताया कि चुनाव का नतीजा 19 अक्तूबर को आएगा। चंदौसी से पूर्व विधायक फूलकुंवर के पुत्र पीसीसी सदस्य मयंक सिंह ने संभल जिले से प्रतिनिधित्व करते हुए वोट डाला।

# फोन पर हुई दोस्ती, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

मुरादाबाद-पहले युवती से फोन पर दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म कर डाला। बाद में आरोपी ने संबंध खत्म कर पीड़िता का नंबर भी ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने मझोला पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। मझोला थाना के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र क्षेत्र निवासी युवती ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंच कर बताया कि छह माह पूर्व उसके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी। बाद में उसी नंबर से कई बार कॉल आई और कॉल करने वाला युवती से मीठी मीठी बातें करने लगा। आरोपी युवक संभल के हयातनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। युवती के अनुसार एक दिन उसने कॉल करके पीर के बाजार में मिलने बुलाया। करीब एक माह पूर्व आरोपी युवती के घर आ धमका। उस समय युवती की मां घर में नहीं थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया और घर चला गया। इसके बाद पीड़िता जब भी अरोपी ने कहती कि अपने परिवार वालों को शादी की बातचीत के लिए घर भेजो वह टालमटोल कर देता। आरोप है कि 13 अक्तूबर को उसने कॉल करके पीड़िता को बताया कि वह उससे शादी नहीं करेगा क्योंकि कहीं और रिश्ता तय हो गया है। इतना ही नहीं आरोपी ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी ओर पीड़िता का नंबर भी ब्लैकलिस्ट में डाल दिया।

# चलती बस में कृषि विभाग के कर्मचारी की मौत, कोहराम

मुरादाबाद-रोडवेज बस में सफर कर रहे कृषि विभाग के कर्मचारी की अचानक हालत बिगड़ने के बाद मौता हो गई। चालक बस में ही शव लेकर गया। बाद में छजलैट थाना पुलिस परिजनों को सौंप दिया गया। से मौत की पुष्टि हुई है। उनके हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र के गली नंबर-1 निवासी सुनील विभाग में लिपिक थे। उनकी थी। परिवार में पत्नी राजेश देवी गया कि सोमवार सुबह पांच बजे के लिए निकले थे। हरिद्वार डिपो जा रहे थे। रास्ते में छजलैट थाना अचानक खराब होने लगी। पता परिचालक ने सूचना छजलैट थाने पुलिस ने बस में सवार यात्रियों



जिला अस्पताल पहुंच ने पोस्टमार्टम कराके शव पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक परिवार में कोहराम मचा है। मोहल्ला हजारीबाग निवासी प्रताप सिंह यूपी कृषि तैनाती बदायूं में चल रही और तीन बेटे हैं। बताया वह घर से ड्यूटी पर जाने की बस में बैठकर बदायूं क्षेत्र में उनकी हालत चलने पर चालक और को दी। छजलैट थाना को दूसरे बस में बैठाकर आगे भेज दिया और उसी बस से एसआई तारिक सुनील प्रताप सिंह को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां जांच करने के बाद डॉक्टरों ने सुनील प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले कागजात से पहचान करने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। दोपहर बाद रोते-बिलखते परिजन मुरादाबाद पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक है। सुनील प्रताप सिंह की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हो गए।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Human brains in mice

The human brain or brain is still a matter of mystery to some extent and a large group of scientists are engaged in its discovery. Under this discovery, for the first time, a small part of the human brain has been successful in implanting in mice.

Similar experiments had been attempted before, but the body or brain of the rats did not accept the human part. The debate about morality will also intensify, but the point to be noted is that the brain is not derived from any human living or dead. Small, or even a few millimeters in diameter, pieces of human brain tissue grown in the laboratory have been transplanted into the brains of rats. It was created by researchers at Stanford University

by growing human stem cells into three-dimensional clumps of tissue. These simplified brain structures, called brain organoids, contain some of the cells and properties of the real human brain, which may affect the development and neurological structure of mice.

It is a big success that this time the experiment has worked. Organoids have made connections with the brain circuits of animals, its effect may be seen on mice in the coming days. The Stanford team is said to have transplanted clusters of human cells into the somatosensory cortices of newborn mice, the part of the brain that processes or 'processes' sensory information, such as touch, from throughout the body. The human brain occupies a third of the brain of rats. According to the detailed report published in the journal Nature, scientists are studying those mice in depth. This is going to give a lot of strength to the experiments being done on the brain.

This team of scientists had observed in their earlier experiment that the human part did not mature successfully in mice. Therefore, this time the part of the human brain was prepared according to the structure of the rats. This experiment has been done on newborn mice and the success achieved clearly shows that such an experiment will not be successful on the adult brain yet. To make such an experiment successful in an adult brain, scientists will need to work harder.

Researchers at Stanford have grown some of their organoids from cells taken from patients with Timothy syndrome, a serious genetic disease. If the effect of this disease is being studied in laboratory-reared mice, then it is sure to be beneficial in the study of other brain diseases as well. Right now working or experimenting directly on the human brain is not free from danger, so scientists have decided to take cooperation from rats in the study of mental diseases.

The parts of the rats' brains that seek reward have been activated. Well, parts smaller than a pea-sized portion of the human brain are being used. There is also a apprehension that the experiment is not in the interest of the rats and that the rats may have unwanted effects. However, scientific evidence is being searched, there will be controversy if rats have a bad effect, but if there is a general effect on rats and medical science prospered, then the whole world will welcome.

# Karthik Aryan won a bundle of notes in Diwali party, people made funny comments after watching the video



A video of Bollywood actors Karthik Aryan and Ayushmann Khurrana is becoming fiercely viral on social media. In the video, Karthik Aryan is seen holding a bundle of notes in his hands and Ayushmann Khurrana, while recording a selfie video, is telling that this man has won so much money not at the box office but at the Diwali party here. The video is quite cute and one can clearly see a bundle of 500-500 notes in Karthik's hand. People are making funny comments in the comment section. Promote Ayushmann's film in a cute way - In the video, Ayushmann Khurrana asks Karthik Aryan that which film should get so much money? In response, Karthik Aryan says that I think 'Doctor-G' should get so much money. It is to be known that Ayushmann Khurrana's film Doctor-G is constantly in the news, in which he has played the role of a gynecologist. Karthik promotes Ayushmann's film - Karthik Aryan appeals to the people by looking at the camera that everyone should go as soon as possible and watch the film Doctor-ji in the theaters near and far. But as soon as Karthik Aryan's talk ends, Ayushmann Khurrana asks him to leave from there. Ayushmann Khurrana immediately tells Kartik Aaryan to go now, go back inside to play. On the way, Kartik Aaryan laughs in the same cute style which is everyone's favorite.

# Before the release of the trailer of Uunchai, the makers shared the special poster of the film, the star cast had fun together

The trailer of the multistarrer film Uthai, made under the production of Rajshree Productions, is coming soon to the fans. Ahead of the trailer release, the makers have now shared another new poster of their film, in which the entire starcast of the height is seen. The bond of strong friendship of all is visible in this new poster shared by the production house. In the poster, Parineeti Chopra, Anupam Kher, Amitabh Bachchan, Boman Irani, Neena Gupta and Sarika are seen doing dance steps together in a field surrounded by mountains and are seen having fun with each other. Also, information has been given in the poster that the trailer of this film will be released tomorrow i.e. on Tuesday. The story of the film will be like this? - According to the information, the story of this film will be seen revolving around three friends. Those who go to the mountains to spend the best moments of their life. In the film, Amitabh Bachchan, Anupam Kher and Boman Irani will be seen in the role of very special friends, while Parineeti Chopra will be seen in the role of tourist guide Shraddha Gupta. Uthai will be released in November - Uthai, directed by Sooraj Barjatya, will be a multistarrer film, in which apart from Amitabh Bachchan and Parineeti Chopra, Anupam Kher, Boman Irani, Neena Gupta, Sarika and Danny are going to be seen in important roles. While Parineeti Chopra is going to be seen in the role of a tourist guide. Made under the banner of Rajshree Production House, the film has been shot mostly in Nepal and Kashmir. The film will release next month on November 11. Height is very special- Let me tell you, this film is the 75th film made under the banner of Rajshree Production House, which he is presenting on the screen in a special way. And after a long time with this film, director Sooraj Barjatya, who made Salman Khan's entry in Bollywood, is making a comeback in the field of direction. While this film is also special for actress Parineeti Chopra, because her films have consistently failed to make a mark at the box office.



# हापुड़ के सर्राफ से हुई लूट में महिला समेत दो गिरफ्तार, 25 चूड़ियां बरामद

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद क्षेत्र में शेखा झील के पास 10 दिन पहले हुई थी घटना शेखा झील के पास 7 अक्टूबर को हापुड़ के सर्राफ से हुई लूट का पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश कर एक महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है मास्टरमाइंड छर्रा के सफीपुर गांव का हरेंद्र निकला घटना के बाद हरेंद्र खैर थाना क्षेत्र के मुकदमे की जमानत तुड़वाकर जेल चला गया था पुलिस के लिए यही अहम सुराग बना 72 चूड़ियां भी बरामद की है एसएसपी ने टीम को 25 का हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है हापुड़ के रेलवे रोड श्रीनगर गीता मार्ग निवासी पुनीत जिंदल 7 अक्टूबर को हापुड़ निवासी राजू सिंगर के साथ कार से अलीगढ़ आ रहे थे कार की डिक्की में 114 जोड़ी बंधेल चूड़ी के सेट बिक्री के लिए कासगंज लेकर गए थे 3 जोड़ी बेचकर शेष माल को लेकर हापुड़ जा रहे थे शेखा झील के पास दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने लूट लिया था लूट करने वालों में छर्रा क्षेत्र के सफीपुर निवासी हरेंद्र बदायूं के गंजशहीदा उझानी निवासी नाजिर, बुलंदशहर के शिकारपुर क्षेत्र के रामबाग पंचगई निवासी प्रवेश गुप्ता उर्फ जस्सी कासगंज के अतरौली कोतवाली का देवांश उर्फ देवा,नाजिर और शांति देवी शामिल थे पुलिस ने तेहरा मोड़ से नाजिर व शांति देवी को गिरफ्तार किया है हरेंद्र पहले से जेल में है 72 चूड़ियों चूड़ियों के अलावा एक बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि



आरोपित माल को बेचने की फिराक में थे हरेंद्र मास्टरमाइंड है शांति देवी के हरेंद्र से संबंध है शांति लूट की साजिश में शामिल थी अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त फोटो को इंटरनेट मीडिया, अखबार में प्रकाशित करने के बाद तलाश की जा रही थी एसएसपी ने बताया कि लूट के बाद हरेंद्र चोरी के मामले में खैर थाने में दर्ज मुकदमे में जमानत तुड़वाकर दाढ़ी और बाल छोटे करवा कर 11 अक्टूबर को जेल गया उस पर शक हुआ हरेंद्र के गांव जाकर पुलिस टीम ने फुटेज से प्राप्त फोटो की जांच कराई पुलिस का शक सही बैठा

### जेल में हुई थी मुलाकात

हरेंद्र के बारे में जानकारी करने पर पता चला कि उसकी मुलाकात प्रवेश व नाजिम से अलीगढ़ जेल में हुई थी प्रवेश का दोस्त देवा पुराना अपराधी है वह भी संपर्क में आया और लूट का प्लान तैयार किया हरेंद्र ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को मार्केट में रेकी की थी उस दिन कुछ नहीं मिला अगले दिन सिकंदराराऊ, देखने के बाद सोच लिया था कि अब कभी अपराध नहीं करना पड़ेगा दिल्ली में नाजिर सप्लाई करता था वही उसकी मुलाकात प्रवेश से हुई थी प्रवेश के जरिए गैंग में देवा भी शामिल हो गया हरेंद्र व शांति देवी पहले से ही गैंग के सरगना थे सभी जल्द से जल्द पैसा कमाना चाहते थे

# एटा में फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर पीईटी परीक्षा दे रहा सॉल्वर गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा- थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली सफलता, फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर पीईटी परीक्षा दे रहा सॉल्वर गिरफ्तार। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोवताली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 17.10.2022 को सर्वोदय इन्टर कालेज सहावर रोड एटा से पीईटी परीक्षा की द्वितीय पाली में फर्जी प्रवेशपत्र बनाकर दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुये एक सॉल्वर अशोक कुमार पुत्र हमीराराम निवासी सैयद का तला थाना विजराड जिला वाडमेर राजस्थान को समय करीब 17:30 वजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअस0 786/22 धारा 417, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि0 व 10 परीक्षा अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# मानसिक रूप से अशक्त महिला को उसके परिजनों की जानकारी कर सकुशल किया सुपुर्द

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना पिलुआ पुलिस द्वारा गश्त के दौरान सड़क पर घूमती मिली मानसिक रूप से अशक्त महिला को उसके परिजनों की जानकारी कर सकुशल किया सुपुर्द घटनाक्रमानुसार दिनांक 15.10.2022 को समय करीब रात्रि 10:30 बजे थाना पिलुआ पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मानसिक रूप से अशक्त एक महिला सड़क पर घूमती हुई मिली, अधिक जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि श्रीमती हरप्यारी पत्नी पप्पू , ग्राम कौंडरा, थाना हसायन जनपद हाथरस की रहने वाली है, जो कि मानसिक रूप से अशक्त होने के कारण 15.10.2022 की शाम को अपने घर से निकल आई थी और घूमते हुए थाना पिलुआ क्षेत्र में आ पहुंची थी। थाना पिलुआ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से महिला के परिजनों की जानकारी कर, आज दिनांक 6.10.2022 को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। थाना पिलुआ पुलिस द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की आम जनमानस द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# दरोगा पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली पीड़ित किशोरी और उसके परिवार को किया नजरबंद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में दरोगा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाने वाली नाबालिग किशोरी और उसके परिजन को रविवार को घर में नजरबंद रखा गया। उसे लेकर पिता मुख्यमंत्री से शिकायत करने के लिए जाना चाहता था, लेकिन घर पर पुलिस तैनात कर दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनात रविवार को एटा दौरे पर आए थे। उनके जाने के बाद पीड़ित के घर से बाहर से पुलिस हटाई गई। कोतवाली नगर क्षेत्र में 25 मई को शहर की एक लड़की को तीन लोग भगाकर ले गए थे। 13 दिन तक उसे किसी गांव में रखा गया। इस दौरान दो युवकों ने उससे दुष्कर्म किया। बाद में पुलिस ने उसे बरामद किया और कानूनी कार्रवाई की गई। शनिवार को किशोरी के पिता ने मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर मामले की विवेचना करने वाले दारोगा विजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी ने बताया कि बरामदगी के बाद विवेचक ने उसको अपने कमरे पर एक रात रोका। मारपीट कर और परिजन को मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया। इस घटना से वह इतना डर गई कि परिजन को भी कुछ बताने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। रविवार को किशोरी को लेकर उसके पिता ने मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करने का मन बनाया। किशोरी के पिता के मुताबिक सुबह आठ बजे कचहरी पर जाकर प्रार्थना पत्र टाइप कराया। करीब 8.30 बजे जब घर लौटा तो वहां एक दरोगा मौजूद थे। घर में नजरबंद रहा परिवार- उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने आप लोगों के घर से बाहर न जाने का आदेश दिया है। वह कमरे में बैठ गए। हम लोगों ने बताया कि जाना जरूरी है, लेकिन नहीं माने। दवा लेने का बहाना किया तो कहा कि साथ में चलकर दवा दिलवाएंगे। शाम करीब 4.30 बजे वह घर से गए। तब तक मुख्यमंत्री जिले से जा चुके थे।

एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया कि किशोरी ने इतने लंबे समय बाद आरोप लगाए हैं, यह जांच का विषय है। साथ ही उपनिरीक्षक की भूमिका की भी जांच की जाएगी। सीओ सिटी को जांच सौंपी गई है।

# दो बार कॉल करने पर भी गर्भवती को लेने नहीं पहुंची एंबुलेंस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर दो बार एंबुलेंस को कॉल किया गया। काफी देर इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची तो परिवारीजन निजी एंबुलेंस से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और भर्ती कराया।

ब्लॉक जैथरा क्षेत्र के गांव उदयपुरा निवासी परिमाल सिंह ने बताया कि परिवार की ही सविता( 22 ) को रविवार सुबह करीब 10 बजे प्रसव पीड़ा हुई। इस पर एंबुलेंस के लिए कॉल किया। करीब एक घंटे तक इंतजार करते रहे लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद निजी वाहन से स्वास्थ्य केंद्र धुमरी लेकर पहुंचे। यहां प्रसव की कोई व्यवस्था नहीं थी। यहां से एंबुलेंस 108 के लिए फिर कॉल किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को निजी एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लेकर आना पड़ा। एंबुलेंस 108 कार्यक्रम प्रबंधक अर्जुन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच करने पर पता चला है कि कॉलर द्वारा लखनऊ से फोन कॉल पर यह नहीं बताया गया कि कहां से कहां पर मरीज को लेकर जाना है। इसकी वजह से एंबुलेंस पहुंचने में असुविधा हुई है। इसके बाद भी मामले की जांच कॉलर से बात करके की जाएगी। पता किया जाएगा कि और भी कोई वजह तो नहीं रही है।

# 2 ट्रकों में हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर, 2 की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना जैथरा के एटा- धुमरी मार्ग पर 2 ट्रकों में हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर, 2 की मौत,भीषण टक्कर के चलते दोनों ट्रक चालकों की हुई मौके पर ही मौत,सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों ट्रकों को लिया हिरासत में, एक मृतक ट्रक चालक जयप्रकाश पुत्र मंगल सिंह मथुरा जनपद का और दूसरा मृतक ट्रक चालक राहुल पुत्र सतीश गाँव खरगपुर थाना सकीट एटा के बताया जा रहा है, पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस, थाना जैथरा क्षेत्र के धुमरी एटा मार्ग का मामला।

# अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह के यहां किसी भी वर्क का व्यक्ति जाता है उसका तुरंत समाधान होता है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह अपनी गांव धनीपुर की समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह से मिले गांव की जन समस्याओं के बारे में अवगत कराया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि अलीगढ़ के लोकप्रिय एवं क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह से गांव की समस्याओं से अवगत कराया उनसे कहा है कि ग्राम धनीपुर में कुछ सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं कुछ रास्ता जो विकास कार्य से वंचित हैं एक रास्ता और



उनको बताई गई है जो होली गेट चौराहा खटीक समाज के लोग रहते हैं उस रास्ते से भी अवगत कराया विधायक जी ने तुरंत उस रास्ता को लिखित में मांगा गया और उस नाश्ता को बनाने का भी आश्वासन दिया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह जी से करीब आधा घंटा बातचीत धनीपुर की समस्याओं पर हुई सभी को हल कराने का आश्वासन दिया है किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि क्षेत्रीय विधायक किसानों की एवं जनता की हर वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनते हैं उनके दरवाजे पर कोई भी पीड़ित जाता है समस्या लेकर उसकी तत्काल सुनते हैं क्षेत्र को ऐसे ही विधायक की जरूरत है

# छेड़छाड़ पीड़िता को थाने में बिठाया, आरोपी को मेहमान की तरह साथ घुमाया, पीड़िता के परिजनों को ही 151में भेजा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- हरदुआगंज- थाना पुलिस के पास शिकायत लेकर जाने से पहले जरा सोच लीजिये यहाँ की पुलिस पीड़ित को ही जेल भेज देती है ज्यादार मामलों में पुलिस सही देखने को मिल रहा है, जहाँ कार्रवाई करने की बजाय पुलिस दूसरे पक्ष को उकसाती है और मामले को तूल दिलवाकर दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग करने और शांति भंग होने की आशंका में कार्रवाई करती है इस पूरे खेल में न सिर्फ आरोपी पक्ष को बड़ी कार्रवाई बचने का फायदा मिल जाता है बल्कि पुलिस के रिकार्ड में अपराध ग्राफ कम होता है ताजा मामला सामने आया है साधुआश्रम पुलिस चौकी अधीन सफ़ेदपुरा गांव से गांव में एक किसान के खेत में दबंगो ने अपने खेत का पानी निकाल दिया। जिससे किसान की फसल पानी में डूबकर खराब हो रही है पीड़ित किसान ने दबंगो से पानी को अपने खेत में छोड़ने पर विरोध जताया तो मारपीट कर धमकी दे डाली जिसकी शिकायत सुबह पुलिस कंट्रोम रूम 112 पर की गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित किसान को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने की सलाह देकर इतिश्री कर ली 112 नम्बर की पुलिस टीम की सलाह पर पीड़ित किसान हरदुआगंज पुलिस को लिखित शिकायत लेकर पंहुचा7 शिकायत पर जाँच करने पुलिस ने आरोपियों को ऐसी घुट्टी पिलाई कि पुलिस को जाते ही आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर पर धावा बोल दिया घर की महिलाओं को दबंगो ने बेरहमी से पीट दिया, और बुरी नीयत से छेड़छाड़ कर दी मारपीट में घायल महिलाये अपनी शिकायत लेकर हरदुआगंज पुलिस के पास गयी तो पुलिस ने उन्हें घंटो थाने में बिठाये रखा और मारपीट और छेड़छाड़ करने के आरोपी को थाने में मेहमान की तरह घुमाया7 कुछ देर बाद पुलिस ने पीड़िता के ही परिजनों को शांतिभांग की धाराओं में कार्रवाई कर दी शिकायत जिसे पीड़ित किसान थाने में गया देने गया था और जाँच करने गयी पुलिस के जाने के बाद घटना को अंजाम दिया गया

# चंद्र कुमार मिश्रा को बनाया नगर पंचायत इकौना का चुनाव प्रभारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में सरगर्मियां तेज हो गई है,दिसम्बर माह के अंत तक नगर पंचायत व नगर पालिका का चुनाव होना है,इसी को देखते हुए,भारतीय जनता पार्टी कार्यालय द्वारा समस्त जिलों के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए हैं,इसी क्रम में आज नगर पंचायत इकौना का चुनाव प्रभारी चन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा प्रभारी विधानसभा भिनगा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा को नियुक्त किया गया है

# स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति करण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन व टेबलेट किया गया वितरण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा -उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति करण योजना के अंतर्गत जनपद गोंडा में संचालित राजकीय आईटीआई गोंडा मनकापुर तरबगंज एवं करनैलगंज ( परसपुर ) गोंडा में अध्ययनरत करने वाले छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित कार्यक्रम राजकीय आईटीआई गोंडा में आयोजित कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय सदर विधायक गोंडा प्रतीक भूषण सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही मुख्य अतिथि के अभिभाषण में परीक्षार्थियों को अपने अंदर तकनीकी एवं इसकी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में अशोक कुमार मधुर( संयुक्त निदेशक ) देवीपाटन मंडल गोंडा, अनिल कुमार वर्मा नोएडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई गोंडा एवं जनपद के राजकीय आईटीआई के वरिष्ठ कार्य देशक रिजवानउल हसन, सतीश कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, रामचंद्र यादव, हनुमान प्रसाद, इकबाल अहमद, रजत कुमार, आशुतोष वर्मा, रजनीश सैनी, यूपी सिंह, फतेह बहादुर, मोहम्मद आदिल एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नानऊ के निकट से ग्रामीणों द्वारा दवोचे गये लूटपाट के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





अलीगढ- अकराबाद - बीतीरात नानऊ पिलखना मार्ग पर चाय विक्रेता से लूटपाट का प्रयास कर रहे बाइक सवार दो बदमाशों को ग्रामीणों ने दवोच कर पुलिस को सोंप दिया। पुलिस ने पकड़े गये दोनों बदमाशों को जेल भेजा है। थाना अकराबाद के गांव नानऊ के माजरा नगला रिसालदार निवासी मुईनुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन नानऊ पुल पर चाय की दुकान चलाते है। रविवार की रात वह अपने साथी अशोकसिंह के साथ दुकान बंद कर बाइक द्वारा अपने गांव जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में गांव के निकट बंटी के ट्यूबवेल के पास पहुंचे तभी अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगाकर तमंचा दिखाते हुय लूटने का प्रयास किया।यह देख हम दोनों ने शोर मचा दिया। हमारी चीखपुकार सुन गांव से तमाम लोग मौके पर आ गये एक युवक जिसके हाथ में तमंचा था खेतों की ओर भाग गया। इसी बीच दो बदमाश बाइक पर बैठकर भागने का प्रयास करने लगे। तेजी से बाइक घुमाने के प्रयास में बाइक फिसल गई। और इस दौरान दोनों बदमाश सड़क पर गिरकर घायल हो गये। तभी दोनों बदमाशों को ग्रामीणों ने दवोच लिया और जमकर मारपीट करते हुये थाने लाकर पुलिस को सोंप दिया। मामले के संबंध में प्रभारी निरीक्षक रामवकील सिंह ने बताया है। जितेंद्र पुत्र हेमसिंह, मोरध्वज पुत्र सुगनपाल निवासी सराय बरला थाना बरला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को दोनों को जेल भेजा है। वहीं भागे हुये अनमोल पुत्र नामालूम निवासी गांव ऊतरा थाना बरला की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-मा0मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जनपद के मा0जन प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में बैठक की गयी।बैठक के दौरान मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।साथ ही कतिपय जनसामान्य से जुड़े मुद्दों पर कार्यवाही कराये जाने की अपेक्षा भी की गयी। प्रतिनिधि, मा0 सदस्य, विधान परिषद( स्नातक निर्वाचन )/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह द्वारा अवगत कराया गया,कि इकौना में भिनगा सेमरी तक सड़क के दोनो ओर गढ्ढे की मरम्मत कार्य कराये जाने की अपेक्षा की है।बैठक में मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत करायी गयी समस्याओं के परिपेक्ष्य में जिलाधिकारी द्वारा आश्वस्त किया

# साप्ताहिक बाजार में दुकान लगा कर विजनेश कर रहे ब्यापारी की हुई मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती साप्ताहिक बाजार में विजनेश कर रहे ब्यापारी की हार्ट अटैक से हुई मौत परिवार में मातम पूरा मामला मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार निवासी जमाल अंसारी पुत्र मुन्ताज अंसारी उम्र लगभग 50 वर्ष जो कि बर्तन के फुटकर ब्यापारी थे और अपने परिवार की रोजी रोटी के लिए साप्ताहिक बाजार करके अपने परिवार की जीविका चला रहे थे वही परिवार के लोगो के मुताबिक जमाल की तबियत कुछ खराब रहती थी जिसके परिजनों के कहने के बाद लगने वाले साप्ताहिक बाजार बनगई में जमाल अपने बेटे पप्पू के साथ हमेशा की भांति दुकान लेकर गए उसके बाद दुकान लगाने के बाद दुकान पर बैठ कर अगल बगल पड़ोसियों से बात भी किया फिर जमाल पिशाब करने के लिए दुकान से उठकर थोड़ी दूर बाजार से बाहर आ गए जहाँ पर जमाल को पिसाब के दौरान हार्ट अटैक आ गया जहाँ पर वह गिर गए वही जब तक बाजार में मौजूद दुकानदार व बाजार में मौजूद पप्पू कुछ कर पाते तब तक जमाल की मौत हो गई जिसके बाद दुकानदारों द्वारा जमाल को उनके घर पर भेजवाया गया उसके बाद परिवार के लोगो ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया जमाल के जाने से परिवार पूरी तरह बिखर गया क्योंकि जमाल का बेटा पप्पू थोड़ा कम दिमाग का है और पप्पू को पांच बच्चे है दो बेटियां ही है

# नवनिर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा-उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय श्री रविन्द्र कुमार-। के आदेष के अनुपालन में तहसील सदर गोण्डा अन्तर्गत नवनिर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन श्री विश्व जीत सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा की अध्यक्षता में किया गया। दीक्षित आदि श्रमिकगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार आज ही वृद्ध आश्रम, गोण्डा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव श्री विष्व जीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। विधिक साक्षरता षिविर में सचिव द्वारा जानकारी देते हुए यह बताया गया कि भारत एक ऐसा देष है, जहां वृद्धजनों के पैर छूकर उन्हें सम्मान दिया जाता है तथा भगवान के समतुल्य माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में वृद्धावस्था के चरण से गुजरना पड़ता है। परिवार में वृद्धजनों की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन, परिवार एवं समाज दोनों के लिए कल्याणकारी होती है, परन्तु कुछ परिवार में आज भी बुजुर्गों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। वृद्धजनों के विधिक अधिकार के सम्बन्ध में सचिव द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 पर विषेष बल देते हुए यह बताया गया कि यदि पर्याप्त साधनों वाला कोई व्यक्ति अपने पिता या माता का, जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है, भरण पोषण करने में उपेक्षा करता है या भरण पोषण करने से इन्कार करता है, तो प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट, ऐसी उपेक्षा साबित हो जाने पर ऐसे व्यक्ति को पिता या माता का भरण पोषण करने के लिए मासिक भत्ता देने के सम्बन्ध में निर्देश दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय के विधि-व्यवस्था, सरकारी नीतियों एवं निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी दी गयी। वृद्ध आश्रम, गोण्डा के प्रबन्धक राजेश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आज कुल 72 वृद्ध, वृद्धाश्रम में हैं, जिसमें 42 पुरूष एवं 30 महिला हैं। सचिव द्वारा वृद्ध आश्रम, गोण्डा के प्रबन्धक राजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों के आश्रय एवं भण्डार/पाक गृह के साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम के लेखाकार कुवंर शर्मा, योगेश प्रताप सिंह, सेवाकर्ता संतोष, अमर दीक्षित, ओंकार सिंह, पूनम सहित राजविन्द्र, कचंन, पप्पी आदि उपस्थित रहे।

# विधायक प्रभात वर्मा ने छात्रों को बांटे टैबलेट/स्मार्टफोन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा-गौरा चौकी गोण्डा - गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने योगी सरकार की मेधा उन्नयन कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्र -छात्राओं की प्रतिभा बढ़ाने तथा उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के क्रम में विधानसभा क्षेत्र गौरा के हकीकुल्लाह चौधरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय घारीघाट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर छात्र -छात्राओं को टैबलेट /स्मार्टफोन वितरित किया एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

विधायक प्रभात वर्मा ने उपस्थित छात्र -छात्राओं एवम अभिभावकों को संबोधित करते हुए केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा छात्रों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं को बतलाते हुए कहा छात्र खूब मन लगाकर पढ़े हमारी सरकार हर तरह से आपके साथ है, भाजपा सरकार अच्छे शिक्षण संस्थान खोलने के साथ छात्र -छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभ पहुंचाकर हर तरह से उनकी मदद को तत्पर है इस अवसर पर मौजूद रहे मोहम्मद कमाल चौधरी प्रबंधक, डॉक्टर अनिल कुमार राय प्रधानाचार्य ,डॉ प्रमोद कुमार दुबे, डॉ महेश कुमार श्रीवास्तव, कप्तान श्रीवास्तव, चंद्रभान पटेल, विक्रम प्रसाद, मोहम्मद कयूम,धर्मेंद्र कुमार गौड़, प्रभाकर पाण्डेय , महेश कुमार यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार मिश्रा, शिव शंकर यादव ,श्रीमती ज्योति पाण्डेय,रामनरेश प्रताप पटेल, रामकिशन निषाद, मोहन पांडे, एजाज अहमद, मनोज निषाद ,तिलकराम उमेश, कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# खुटार में बाइक चोरों के हौसले बुलंद



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- थाना खुटार पुलिस को जहां दीपावली के त्यौहार पर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में सतर्कता वर्तनी चाहिए तो वहीं खुटार नगर में पुलिस की इस भीड़भाड़ वाले त्यौहारों में लापरवाही सामने उजागर हुई है, जहां पुलिस की निष्क्रियता के चलते यह हाल है मामला नगर क्षेत्र का है, जहां पर बैकरी व्यवसायी रोज की तरह अपनी दुकान के सामने बाइक खड़ी कर अपनी बैकरी की बनी गोदाम में कार्य कर रहे थे जहां से बाइक चोर उनकी बाइक को लेकर फरार हो गए वहीं इसकी सूचना पीड़ित ने थाना खुटार को तहरीर देकर अवगत कराते हुए बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है, लेकिन खुटार पुलिस की लापरवाही के चलते अभी तक न तो बाइक का पुलिस ने पता लगा पाया है,

और न ही संलिप्त बाइक चोरों को पकड़ पाया है, जहां खुटार पुलिस की लापरवाही सामने आनें से व्यापारियों में रोष व्याप्त है, व्यापारियों का कहना है, कि थाना अध्यक्ष खुटार को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की है। जिसके बाद पीड़ित सतेंद्र मिश्रा पुत्र रामबहादुर मिश्रा ग्राम गेंहुआ थाना खुटार ने सीओ, पुवायां व एसपी शाहजहांपुर से जल्द से जल्द बाइक बरामद कराने का अनुरोध किया है।

# भारतीय जनता पार्टी की आवश्यक बैठक



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर निकाय चुनाव के संबंधित भाजपा मंडल अध्यक्ष खुटार अरुण शुक्ला के पेट्रोल पंप पर आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जनपद शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री कृष्ण चंद्र मिश्रा पूर्व विधायक भाजपा नेत्री श्रीमती शकुंतला देवी ने कार्यक्रम में भाग लिया जिला अध्यक्ष ने चुनाव के संबंधित सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई,

नगर पंचायत खुटार चुनाव संयोजक सुनील सिंह एडवोकेट सुनील सिंह, सरताज बरकाती, आजाद अली, नीरज सिंह एडवोकेट,मुनीश तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लंगोटी बाबा के स्थान पर हुआ विशाल भंडारा





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी पंडित किराना स्टोर के स्वामी बल्ली एवं उनके सुपुत्र डिप्टी एवं संदीप सिंह के द्वारा नगर के मैलानी रोड पर स्थित प्राचीन लंगोटी बाबा के स्थान पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, भंडारे में पहुंचकर सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर सभासद छत्रपाल कश्यप,राहुल सिंह,शिवम रस्तोगी,रीतू मिश्रा,सुशील राठौर, सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# आधार नहीं, तो पेंशन नहीं

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा- जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण कराया जाना अनिवार्य है। आधार प्रमाणीकरण न होने से उन्हे पेंशन का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि सभी लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है, परन्तु द्वितीय किश्त का भुगतान उन्ही लाभार्थियों को होगा, जिनका आधार केवाईसी पूर्ण हो चुका है। उन्होने बताया कि जिनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, वे समस्त लाभार्थी एक सप्ताह के अन्दर अपना आधार प्रमाणीकरण करा लें। उन्होंने कहा है कि इसके लिए नजदीकी कम्प्यूटर सेंटर, लोकवाणी आदि अथवा जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर आधार प्रमाणीकरण करा सकती हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com